अर्द्धवार्षिक परीक्षा 2021-22
विषय-विज्ञान
कक्षा – 9वीं

समय – 3 घटे | पूर्णांक -80

निर्देश –

(i) सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है ।

(ii) प्रश्न क्रमांक 01 से 04 तक के लिए प्रत्येक प्रश्न पर 8 अंक आवंटित है।

(iii) प्रश्न क्रमांक 5 से 14 तक प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आवंटित है । प्रत्येक उत्तर लगभग 30 शब्दों में लिखिए ।

(iv) प्रश्न क्रमाक 15 से 18 के लिये प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आवंटित है । प्रत्येक उतर लगभग 75 शब्दों में लिखिए ।

(v) प्रश्न क्रमांक 19 से 22 तक प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आवंटित है। प्रत्येक उत्तर लगभग 120 शब्दों में लिखिए ।

प्रश्न-1 सही विकल्प चुनकर लिखिये । (1 x 8 =8)

(i) मैग्नीशियम का संकेत है ।

(अ) K (ब) Mg (स) Cu (द) Ca

(ii) सोडियम क्लोराइड का रसायनिक सूत्र है।

(अ) NaCl (ब) $MgCl_2$ (स) $H_2S$ (द) $H_20$

iii) कोशिका की खोज किसने की थी ।

(अ) रॉर्बट ब्राऊन (ब) न्यूटन (स) रॉबर्ट हुक (द) आइंस्टीन

(iv) किसी m द्रव्यमान की वस्तु जिसका वेग v है, का संवेग होगा -

(अ) $(mv)^2$ (ब) $mv^2$ (स) $½mv^2$ (द) mv

(v) Covid-19 रोग फैलता है-

(अ) वायरस (ब) बैक्टीरिया (स) प्रोटोजोआ (द) परजीवी

(vi) कोशिका की आत्महत्या की थैली कहलाती है -

(अ) लाइसोसोम (ब) माइटोकोन्ड्रिया (स) हरितलवक (द) गॉलजीकाय

(vii) पौधों का हरा रंग होने का कारण है -

(अ) गाल्जीकाय (ब) क्लोरोफिल (स) केन्द्रक (द) कोशिकाभित्ति

(viii) रक्त ऊतक है -

(अ) संयोजी ऊतक (ब) पेशीय ऊतक (स) तंत्रिका ऊतक (द) एपिथिलियम ऊतक

प्रश्न-2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए । (1 x 8 =8)

I. इलेक्ट्रोन की खोज की ....................ने की थी ।

II. विलयन एक ............... मिश्रण है ।

III. एक ही प्रकार के कोशिकाओं का समूह ................ कहलाता है ।

IV. वह ऊतक जो दो अस्थियों को आपस में जोड़ता है, उसे...............कहते है।

V. गुरूत्वाकर्षण का नियम .................ने प्रस्तुत किया ।

VI. पागल कुत्ते के काटने से ................. रोग हो जाता है ।

VII. एक ही प्रकार के परमाणुओं से मिलकर बने पदार्थ ................ कहलाता है ।

VIII. तापमान बढ़ाने पर किसी पदार्थ के कणों की गतिज ऊर्जा.........जाती है।

https://www.mpboardonline.com

(1 x 8 =8)

प्रश्न-3 सही जोड़िया बनाइये -

| | | | |
|---|---|---|---|
| I. | हाइड्रोजन गैस | a. | क्विटकर |
| II. | भार का SI मात्रक | b. | $H_2$ |
| III. | कार्य करने की दर | c. | ई. गोल्ड स्टीन |
| IV. | केनाल किरणों की खोज | d. | $\frac{GM}{R^2}$ |
| V. | क्लोरीन समस्थानिक | e. | $_{17}Cl^{37}$ |
| VI. | परमाणु के नाभिक का खोजकर्ता | f. | रदरफोर्ड |
| VII. | गुरूत्वीय त्वरण g | g. | न्यूटन |
| VIII. | पांच जगत वर्गीकरण | h. | शक्ति |

प्रश्न-4 एक वाक्य में उत्तर दीजिए। (1 x 8 =8)

I. सोडीयम का परमाणु क्रमांक लिखिये।

II. राइबोसोम किसका निर्माण करता है ?

III. कार्य का SI मात्रक लिखिये।

/. कोशिका का पॉवर हाउस किसे कहते है।

/. जल का क्वथनांक लिखिए ।

. किसी पदार्थ को ठोस से सीधे गैस में बदलने की प्रक्रिया को क्या कहते है ।

. दूध किस प्रकार का विलयन है।

. बल का SI मात्रक लिखिए।

न-5 ठोस अवस्था की कोई दो विशेषताएँ लिखिए ? 2

अथवा

बढ़ते घनत्व के क्रम में निम्न लिखित को व्यवस्थित कीजिए।

वायु, चिमनी का धुँआ, शहद, जल, चॉक, रूई, और लोहा

श्न-6 निलंबन के कोई दो गुण लिखिए ? 2

अथवा

कोलाइडी विलयन के कोई दो गुण लिखिये ?

प्रश्न-7 तत्व की परिभाषा लिखिए। 2

अथवा

पृथककरण कीप का नामांकित चित्र बनाइये।

प्रश्न-8 समस्थानिक किसे कहते है। 2

अथवा

समभारिक किसे कहते है।

प्रश्न-9 ऊतक किसे कहते है। 2

अथवा

कोई दो सरल ऊतक के नाम लिखिये ?

https://www.mpboardonline.com

प्रश्न-10 रेखित पेशी का नामांकित चित्र बनाइये। 2

अथवा

हृदयक पेशी का नामांकित चित्र बनाइये।

प्रश्न-11 एक समान वृत्तीय गति किसे कहते है। 2

अथवा

त्वरण किसे कहते है। इसका SI मात्रक लिखिए।

प्रश्न-12 औसत चाल किसे कहते है। 2

अथवा

विस्थापन किसे कहते है।

प्रश्न-13 गुरूत्वीय त्वरण किसे कहते है। 2

अथवा

द्रव्यमान एवं भार में कोई दो अंतर लिखिए ।

प्रश्न-14 गुरूत्वाकर्षण का सार्वत्रिक नियम लिखिए। 2

अथवा

गुरुत्वीय बल किसे कहते है।

प्रश्न-15 सोडीयम की परमाण्विक संरचना का आरेख बनाइये। 3

अथवा

रदरफोर्ड के परमाणु मॉडल का चित्र बनाइये |

प्रश्न-16 जन्तु कोशिका का नामांकित चित्र बनाइये | 3

अथवा

पादप कोशिका का नामांकित चित्र बनाइये |

प्रश्न-17 पादप कोशिका एवं जन्तु कोशिका में कोई तीन अंतर लिखिए | 3

अथवा

लाइसोसोम को कोशिका की आत्महत्या की थैली क्यों कहते है ?

प्रश्न-18 संक्रामक रोग एवं असंक्रामक रोग को उदाहरण देकर समझाइये | 3

अथवा

रोग क्या है। इसके कोई दो कारण लिखिए |

प्रश्न-19 निम्नलिखित के परमाणु क्रमांक लिखिए – 4

नाइट्रोजन,हाइड्रोजन ,ऑक्सीजन,मैग्नीशियम

अथवा

निम्नलिखित के इलेक्ट्रोनिक विन्यास लिखिए ?

Al =13, Cl=17, C=6, P=15

प्रश्न-20 मिश्रण एवं यौगिक में कोई चार अंतर लिखिए । 4

अथवा

भौतिक एवं रासायनिक परिवर्तन की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

प्रश्न-21 पक्षी वर्ग के कोई चार लक्षण लिखिए। 4

अथवा

स्तनपायी वर्ग के कोई चार लक्षण लिखिए।

प्रश्न-22 एक कार 108 km/h की गति से चल रही है। और ब्रेक लगाने के बाद यह रूकने में 4 S का समय लेती है। पर ब्रेक लगाए जाने के बाद लगने वाले बल की गणना कीजिये। कार का यात्रियों सहित कुल द्रव्यमान 1000 है। 4

अथवा

कोई क्रिकेट खिलाड़ी गेंद को कैच करते समय अपने हाथों के पीछे की ओर क्यों खींच लेता है ?

https://www.mpboardonline.com